दिन– सोमवार                                                                 दिनांक– 15 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।                                                   अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– प्रखंड स्तर पर खुलने वाले मॉडल स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की होगी व्यवस्था। छात्रों को कोचिंग की नहीं होगी जरूरत।

02 दीपक प्रकाश की मंत्री के रूप में पुनर्नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस। बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब।

03. राज्य के सभी प्रखंडों में कल से अठारह जून तक लगेगा प्रखंड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर। एक ही स्थान पर मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ।

04. और, मौसम विभाग ने कल भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जायेंगे, जहां बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था होगी। गया के खिजरसराय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में ऐसी व्यवस्था होगी जिससे छात्रों को कोचिंग संस्थानों की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

–––बाइट–––

श्री चौधरी ने कहा कि अगले महीने प्रधानमंत्री या केन्द्रीय गृहमंत्री के हाथों मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की राशि जीविका दीदियों के बीच वितरित की जायेगी।

–––बाइट–––

इधर, हमारे गया संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने संयुक्त रूप से खिजरसराय में प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखी।

–––रिपोर्ट–––

बीस एकड़ में एक सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस केन्द्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सीएनसी मशीनिंग जैसी आधुनिक तकनीकों में युवाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस केन्द्र से प्रति वर्ष लगभग सात हजार युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने तथा एक हजार से अधिक एमएसएमई को तकनीकी सहायता उपलब्ध उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। यह पहल स्थानीय विनिर्माण का सशक्त बनाते हुए बिहार को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर और अधिक गति प्रदान करेगी। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, राज्य सरकार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा, संतोष कुमार सुमन और श्रेयसी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। आकाशवाणी समाचार के लिए खिजरसराय से धर्मवीर भारती।

---

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मत्स्य व्यापार को बढ़ावा देने से जुड़ी दो महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने पटना के मीठापुर स्थित मत्स्य विकास भवन में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड–एनएफडीबी के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के खुलने से प्रदेश में मत्स्य उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र को नई रफ्तार मिलेगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने आज ही भोजपुर जिले के वाणासुर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का शिलान्यास किया। इस पार्क में प्रदेश की नवीनतम मत्स्य पालन तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आज से अभियान बसेरा के दूसरे चरण की शुरूआत की है। इक्कीस जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के भूमिहीन परिवारों तक वास भूमि का अधिकार पहुंचाना और भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र निर्गत करना है। इसके तहत योग्य श्रेणी के उन वंचित सर्वेक्षित परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र दिये जायेंगे, जिन्हें अभी तक यह प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है साथ ही सरकारी भूमि जैसे– गैरमजरूआ खास और आम भूमि पर बसे पात्र परिवारों की जांच कर उन्हें भी योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के बारह वर्ष पूरे होने पर कल से प्रदेश के सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। अठारह जून तक चलने वाले इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण, सत्यापन,

ई–केवाईसी तथा लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

शिविर में आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। प्रत्येक योजना के लिए अलग काउंटर बनाए जाएंगे तथा संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। शिविरों में हेल्प डेस्क, प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की सहायता और स्वास्थ्य जांच शिविर की भी व्यवस्था रहेगी, जिससे लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन और सेवाएं आसानी से मिल सकें। लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर शिविर में पहुंचें, ताकि योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त किया जा सके। आकाशवाणी समाचार कक्ष से निधि श्री।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की दोबारा नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि दीपक प्रकाश राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं, इसलिए उनका मंत्री पद पर बने रहना संविधान के अनुच्छेद एक सौ चौंसठ, चार के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। याचिकाकर्ता का दावा है कि गैर–सदस्य व्यक्ति को मंत्री बनाए जाने की छह माह की संवैधानिक छूट का लाभ दोबारा नहीं दिया जा सकता।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के सात न्यायाधीशों को आज शपथ दिलाई गई। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी हॉल में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय ने सभी नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायामूर्ति रंजन कुमार झा, न्यायामूर्ति कुमार मनीष और न्यायामूर्ति राज कुमार को स्थायी न्यायाधीश के रूप में जबकि न्यायामूर्ति राणा विक्रम सिंह, विकास कुमार, गिरिजेश कुमार और आलोक कुमार को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप मे शपथ दिलाई

गई। सात न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर चौवालीस हो गई है।

---

मानसून की सक्रियता से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटिहार के प्राणपुर में सबसे अधिक चौरासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौमस पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्से को छोड़कर शेष हिस्सों में बारिश की संभावना है। भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

–––बाइट–––

.

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पटना और रोहतास जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग पांच तक की कक्षाओं को बीस जून तक बंद कर दिया है। वहीं, छह से आठ तक की कक्षाओं का संचालन सुबह दस बजकर तीस मिनट तक ही होगा।

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि देश में अनाज का पर्याप्त भंडार है और अल नीनो के दुष्प्रभाव के बावजूद अनाज की कमी नहीं होगी। आज नई दिल्ली में आयोजित माइंडमाइन सम्मेलन में वित्त मंत्री ने कहा कि खरीफ फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं।

———बाइट———

जैसा कि हम जानते हैं इस वर्ष मॉनसून बहुत अच्छा नहीं रहने वाला है। हालांकि, हमारे पास पर्याप्त भंडार मौजूद है क्योंकि पिछले वर्ष हमने इसे बनाए रखा था, इसलिए खाद्यान की कोई कमी नहीं है। लेकिन किसानों पर इसका असर पड़ सकता है, उनकी आय पर भी दबाव रह सकता है।

———————————————————————————

आयुष मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मुख्य कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोलकाता के रेड रोड पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 45 मिनट का योग प्रोटोकॉल आयोजित किया जाएगा।

———————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने प्रदेश के विभिन्न प्रखंडों में नवसृजित दो सौ ग्यारह सरकारी डिग्री महाविद्यालयों में उर्दू और मैथिली की पढ़ाई शुरू करने का निर्देश दिया है। यह आदेश एक जुलाई से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र से प्रभावी होगा।

———————————————————————————

गोपालगंज की एमपी—एमएलए अदालत ने मोकामा के जदयू विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को अग्रिम जमानत दे दी है। यक मामला मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमराव गांव में दो मई को आयोजित एक कार्यक्रम से जुड़ा है। कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें हथियार लहराने और अश्लील गीतों के प्रदर्शन के आरोप लगाए गए थे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मीरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी।

———————————————————————————

नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में पकड़े गए दो व्यक्तियों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार, झुनकिया बाबा के पास स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़ लिया था और बेरहमी से पिटाई कर दी थी। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जांच के लिए एसडीपीओ राजगीर के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

---

मुंगेर जिले के गंगटा मोड़ चौक के पास ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत लहुरबारी बहुअरा स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने हथियार के बल पर पच्चीस लाख रुपय मूल्य के जेवरात लूट लिये।

---

शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक युवक को देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक बच्चे की डूब कर मौत हो गई।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बटिया चौक के पास से पुलिस ने एक पिकअप वैन से तीन सौ छियालीस लीटर शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

---

शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए आवश्यक जीवन जीवन प्रमाणीकरण करवाने के लिए आज समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– प्रखंड स्तर पर खुलने वाले मॉडल स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की होगी व्यवस्था। छात्रों को कोचिंग की नहीं होगी जरूरत।

02 दीपक प्रकाश की मंत्री के रूप में पुनर्नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस। बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब।

03. राज्य के सभी प्रखंडों में कल से अठारह जून तक लगेगा प्रखंड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर। एक ही स्थान पर मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ।

04. और, मौसम विभाग ने कल भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त